# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 21-1-24 | 2 | 1-3 |

# रामलीला का मंचन आज

- दैनिक जागरण के रामोत्सव की कड़ी में होगा रामलीला का आयोजन

जागरण संवाददाता, हिसार

सियाराममय सब जग जानी ...। संपूर्ण देश श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में रम गया है। श्रीकृष्ण की कर्मभूमि अर्थात हरि की धरा भी राममय है...। जिधर देखिए मर्यादा पुरुषोत्तम के ही गुणगान ...। रविवार को श्रीराम के आदर्श जीवन का गुणगान और उसकी राममय गूंज हिसार में भी सुनाई देगी। श्रीराम के नाम की यह गूंज हिसार के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय सभागार में सुनाई देगी। 21 जनवरी को दैनिक जागरण के रामोत्सव की कड़ी में होने वाले रामलीला के मंचन में हिसार ही नहीं अपितु पूरे हरियाणा से 35 कलाकार भाग ले रहे हैं। ये अपनी शेयरो-शायरी के माध्यम से श्रीराम जन्म से लेकर उनके अयोध्या वापसी तक का प्रसंग सुनाएंगे। यही नहीं, सनातनी भारतीय नृत्य शैली कथक से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श पक्षों को प्रस्तुत करेंगे। राखी जोशी की टीम की यह प्रस्तुति अनूठी होगी। शुभारंभ और समापन कथक से ही होगा। रामलीला के मंचन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। रंगमंच की तरफ से किए जाने वाले रामलीला मंचन की खास बात है कि यह उर्दू और पारसी शैली में शेरो शायरी में खेली गई है। करीब डेढ़ घंटे में मंचित की जाने वाली रामायण में राम जन्म से लेकर अयोध्या आने तक के किस्से कथक, लाइव और भव्य दृश्यों के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसका निर्देशन संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित मनीष जोशी ने किया है।



रामलीला मंचन की रिहर्सल करते कलाकार • जागरण

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22-1-24 | 15 | 1-5 |



**रामोत्सव**

# अद्भुत, अभूतपूर्व, अविस्मरणीय राममय 'राज्य'

हर तरफ वातावरण राममय है। श्रीराम मंदिर की परिकल्पना साकार होने के अवसर को अभूतपूर्व बनाने से जुड़े प्रयासों में हर कोई योगदान कर रहा है। कहीं राम मंचन में रमे तो कहीं प्रभु श्रीराम के प्रकृति प्रेम को साकार रूप देते श्रद्धालु राममय हो रहे हैं। देखें कुछ ऐसी ही तस्वीरें...।

**1** लाख से ज्यादा सामाजिक संगठनों ने दैनिक जागरण के आह्वान पर बांट दिए दीप

**46** श्रीराम विहार चबूतरों का निर्माण 14 जिलों में हो रहा, कई जगह काम पूरा




जिधर देखिए रामलला के ही गुणगान..रविवार को दैनिक जागरण की ओर से हिसार के कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में रामलीला का मंचन करते अभिनय रंगमंच के कलाकार • जागरण

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 22.1.24 | 5 | 1-3 |

# हकृवि में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री रामोत्सव



विश्वविद्यालय में सजाए गए विभिन्न चौंक।

हिसार, 21 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोध्या में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व संध्या दिनांक 21 जनवरी सांय 4 बजे कृषि महाविद्यालय सभागार में रामायण मंचन आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्यातिथि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा सरकार, डॉ. कमल गुप्ता होगें एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफसर बी.आर. काम्बोज करेगें। अयोध्या जी में श्री रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर सांय 4:30 बजे चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में शोभा यात्रा एवम संध्या फेरी निकाली जाएगी, जिसका शुभारंभ माननीय कुलपति प्रोफेसर बी. आर. काम्बोज जी कृषि महाविद्यालय के परिसर से करेंगे। यह शोभा यात्रा व संध्या फेरी एचएयू के सारे आवासीय कैंपस में से होकर गुजरेगी जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य भाग लेगें। दिनांक 22 जनवरी प्रातः 10 बजे मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय संभागार में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूजा-अर्चना एवं श्री आयोध्या नगरी से सीधा प्रसारण किया जाएगा व उसके उपरान्त प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी कड़ी में दोपहर 1:30 हकृवि की सफाई कर्मचारी संघ कार्यालय में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा एक भव्य गाथा पर व्याख्यान दिया जाएगा। मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय सभागार में सांय 4:30 बजे भजन संध्या: मेरें राम सबके राम का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 22 जनवरी सांय 6:45 बजे हकृवि के प्रशासनिक भवन के पास दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी व विद्यार्थियों द्वारा 501-501 दो पंक्तियों में कुल 1002 दीए प्रज्वलित किए जाएगें। इसकें इलावा विश्वविद्यालय के सभी होस्टलों में स्पेशल डाइट व मीठे का प्रबन्ध किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में खासतौर पर सफाई की गई व विश्विद्यालय के सभी मुख्य चौक सजाए गये है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 22-1-24 | 15 | 2-6 |

## कृषि महाविद्यालय सभागार में रामायण मंचन का आयोजन

# हकृवि में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**शाम को हकृवि के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्केप यूनिट के सहयोग से दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।**



हिसार। विश्वविद्यालय में सजाए गए विभिन्न चौक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोध्या में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पूर्व संध्या पर रविवार को कृषि महाविद्यालय सभागार में रामायण मंचन आयोजित किया जाएगा। अयोध्या जी में श्री रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय परिसर में शोभा यात्रा एवम संध्या फेरी निकाली गई जिसका शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर बी. आर. काम्बोज कृषि महाविद्यालय के परिसर से किया। 22 जनवरी को मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय सभागार में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूजा-अर्चना एवं श्री आयोध्या नगरी से सीधा प्रसारण किया जाएगा व उसके उपरान्त प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी कड़ी में दोपहर को हकृवि की सफाई कर्मचारी संघ कार्यालय में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा एक भव्य गाथा पर व्याख्यान दिया जाएगा। शाम को हकृवि के प्रशासनिक भवन के सामने लैंडस्केप यूनिट के सहयोग से दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी व विद्यार्थियों द्वारा 501-501 दो पंक्तियों में कुल 1002 दीए प्रज्वलित किए जाएंगे।

हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22-1-24 | | |

IV दैनिक जागरण हिसार, 22 जनवरी, 2024 www.jagran.com

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

रिधि सिधि संपति नदीं सुहाई। उमगि अवध अंबुधि कहुँ आई॥
मनिगन पुर नर नारि सुजाती। सुचि अमोल सुंदर सब भाँती॥

भावार्थ: ऋद्धि-सिद्धि और सम्पत्ति रूपी सुहावनी नदियाँ उमड़-उमड़कर अयोध्या रूपी समुद्र में आ मिलीं। नगर के स्त्री-पुरुष अच्छी जाति के मणियों के समूह हैं, जो सब प्रकार से पवित्र, अमूल्य और सुंदर हैं॥



# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने दिया दुखियों की सेवा करने का संदेश

## दैनिक जागरण की तरफ से श्रीरामोत्सव सबके राम का हरियाणा कृषि महाविद्यालय के सभागार में हुआ आयोजन, निकाय मंत्री रहे मौजूद

जागरण संवाददाता, हिसार: मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के उपदेशों पर ही चलना चाहिए। श्रीराम ने अपने पिता के वचन को पूरा किया। आज श्रीराम की दिखाए मार्ग पर चलेंगे तो उसका फल जीवन में अवश्य मिलेगा। किसी से घृणा न करें। नफरत न फैला कर सभी से प्रेम करें। यह संदेश दिया दैनिक जागरण की तरफ से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के कृषि महाविद्यालय सभागार में आयोजित श्रीरामोत्सव सबके राम रामलीला के मंचन में। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहरी स्थानीय नगर निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता मौजूद रहे। इसकी अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सूचना आयुक्त डा. जगबीर सिंह, आरएसएस विभाग प्रचारक पुरुषोत्तम मौजूद रहे। डेढ़ घंटे में रामलीला का मंचन पूरा हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने स्वागत किया। अंत में सभी का आभार समाचार संपादक राकेश क्रांति ने प्रकट किया।

अभिनय रंगमंच की तरफ से की गई इस रामलीला के मंचन की शुरुआत श्रीराम की कथा से हुई। मंचन के पहले सीन में राजा दशरथ ऋषि मुनियों के समक्ष पुत्र नहीं होने का दुख प्रकट करते हैं। ऋषियों के आशीर्वाद से श्रीराम, लक्ष्मण सहित चारों भाई पैदा होते हैं। श्रीराम की दीक्षा के साथ ही श्रीराम ताड़का और मारिच का वध करते हैं। श्रीराम और सीता के स्वयंवर के मंचन होता हैं। 14 साल के वनवास के दौरान सीता हरण से लेकर श्रीराम-रावण के युद्ध को दिखा गया हैं। इस दौरान हनुमान चालीसा भी सुनाई। अंत में श्रीराम और रावण के युद्ध में रावण का अंत होने के बाद लक्ष्मण रावण से दीक्षा लेते हैं। रावण मरने पहले कहता है चापलूसों से सभी को दूर रहना चाहिए। उनकी वजह से ही उसकी लंका उजड़ गई। शत्रु कोई भी उसको अपने कमजोर नहीं समझना चाहिए। साथ ही अपने-पराये को पहचानना चाहिए। जो भी जीवन में आम काम करेंगे उसका फल अवश्य मिलेगा। जिस घर में फूट होगी वह तबाह होकर रहेगा। नाटक के दौरान हनुमान की राजस्थानी भाषा में डायलाग ने सभी को हंसा दिया।

मंच के दौरान पूरा हाल श्रीराम की जय, सीता माता की जय, हनुमान की जय के जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस मंचन में करीब 35 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस रामायण में राम जन्म से लेकर अयोध्या वापस आने तक के किस्से को कथक, लाइव संगीत और भव्य दृश्यों के माध्यम से दिखाया गया है। इसका निर्देशन संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित मनीष जोशी ने किया है।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में दैनिक जागरण की ओर से आयोजित संपूर्ण रामायण का मंचन करते कलाकार। • जागरण



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में दैनिक जागरण की ओर से आयोजित रामायण मंचन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

"श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे है। आज पूरा देश श्रीराम की धुन में है। उससे पहले रामलीला का मंचन किया गया। इसको देखकर बड़े ही नहीं अपितु बच्चों को भी मर्यादा पुरुषोत्तम के दिखाए रास्ते पर चलने का संदेश मिला। अयोध्या में जो सोमवार को दिन आ रहा है वह एक खास दिन है।"
– डा. कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय नगर निकाय मंत्री

"श्रीराम के जीवन के अनेक मूल्य है। महिला सशक्तीकरण के साथ व्यक्तित्व प्रस्तुत करता है। समाज की बुराईयों को दूर करने का एक संदेश दिया गया। सोमवार को जो दिन है वह पूरे भारतवर्ष में एक उत्सव का दिन है।" – प्रो. बीआर काम्बोज, कुलपति, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में दैनिक जागरण की ओर से आयोजित रामायण के मंचन में श्रीराम और सीता का वन में जाने से पहले का संवाद करते हुए। संवाद के दौरान श्रीराम ने अपने पिता द्वारा किए गए वचन को निभाते हुए सभी को वचन को पूरा करने का संदेश भी दिया। • जागरण

### इनका भी रहा सहयोग

दैनिक जागरण की तरफ से करवाई रामलीला मंचन में मलिक ग्रुप के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर अक्षय मलिक, तनेजा मिल्क फूड प्रोडक्ट के डायरेक्टर आत्म प्रकाश तनेजा, दीपक तनेजा मौजूद रहे।

### यह रहे मौजूद

हकृवि के डायरेक्टर रिसर्च डा. जीत राम, डा. शमीम शर्मा, दैनिक जागरण के रीजनल मैनेजर मार्केटिंग संजय तिवारी, पीआरओ हकृवि डा. संदीप आर्य, महेंद्र गर्ग, वीके गर्ग, नरेंद्र गोयल, अनिल सिंगला, वीरेंद्र गुप्ता, पूनम नागपाल, मंच संचालन शुभम बिश्नोई, शिवम ने किया।

"श्रीराम के दिखाए हुए रास्ते पर आगे बढ़ने की जरूरत है। आज हमारे देश भी विकासशील से आगे बढ़ रहा है। यदि व्यक्ति आगे बढ़ेंगे, कोई मांगने वाला नहीं होगा तो देश विकसित की तरफ बढ़ेगा। श्रीराम की मर्यादा ही हम सबको आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।"
– नरेंद्र यादव, डायरेक्टर, नेहरू युवा केंद्र

• एचएयू में हुए रामलीला के मंचन से दिया चापलूसों से दूर रहने तो नफरत नहीं करने का संदेश

• रामलीला मंचन में हनुमान की राजस्थानी भाषा में संवाद करने के तरीके ने सभी का छुआ दिल



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में दैनिक जागरण की ओर से आयोजित संपूर्ण रामायण देख... अतिथि गण व शहर वासी। • जागरण









... कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता, अक्षय मलिक, नरेंद्र यादव व ... रीजनल मैनेजर मार्केटिंग संजय तिवारी, समाचार संपादक राकेश क्रांति। • जागरण

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-1-24 | 2 | 1-2 |

## एचएयू में कार्यक्रम आयोजित



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित करके किया स्वागत।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.1.24 | 5 | 1-4 |


# हकृवि में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

## शोभायात्रा व संध्या फेरी निकाली

हिसार, 22 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अयोध्या में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय सभागार में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी. आर. काम्बोज शिरकत की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चैयरमैन डॉ. जगबीर सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता, मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय डॉ. नीरज कुमार ने की। कुलपति प्रो बी. आर. काम्बोज ने अपने संबोधन मे कहा कि मर्यादा



शोभायात्रा को रवाना करते हुए कुलपति बी. आर. काम्बोज।

पुरूषोत्तम श्री राम ने अपना पूरा जीवन सन्यासी की तरह गुजारा था यह सब समर्पण ही था भगवान श्री राम के चरित्र से हमे सीखना चाहिए कि भाई-भाई का प्यार, बड़ों का आदर व प्रण की अनुपालना कैसे की जाती है और उन बातों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जिंदगी मे कोई भी परिस्थिति आए हमें उसका डट कर मुकाबला करना चाहिए न कि उस से भागना चाहिए। हमारा सौभाग्य है कि जिस धरा पर हम लोगों ने जन्म लिया व प्रभु श्री राम की धरती है। हम सब लोग भी इस बात के साक्षी होगें कि इस देश में इतना बड़ा दिन आया है। इस अवसर पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के प्रांगण में प्रभु श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कारसेवकों की मेहनत और राम भक्तों की प्रार्थना का अथक परिणाम है कि 500 वर्षों बाद आज यह दिन आया है। आज के इस दिन के लिए कारसेवकों ने मौत की परवाह किए बिना आगे बढ़ते चले गए और इससे साबित होता है कि अगर सामने मौत आये तो हमें भागने की बजाय उसका डट कर उसका मुकाबला करना चाहिए जो हमने सोचा है वह सच्ची श्रद्धा के साथ सोचा है वह निश्चित रूप से मिलेगा जब उचित समय आएगा। आपको उस समय तक धैर्य व बहादुरी से इंतजार करना चाहिए। विश्वविद्यालय परिसर में शोभा यात्रा एवं संध्या फेरी निकाली गई, जिसका शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर बी. आर. काम्बोज द्वारा कृषि महाविद्यालय के परिसर से किया। यह शोभा यात्रा व संध्या फेरी एचएयू के सारे आवासीय कैंपस में से होकर गुजरी जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 23.1.24 | 12 | 1-2 |

## भगवान श्री राम के आदर्शों व शिक्षाओं को जीवन में अपनाएं : प्रो. काम्बोज



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अयोध्या में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय समागार में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे जबकि राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता, मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय डॉ नीरज कुमार ने की। कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने कहा कि मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम ने अपना पूरा जीवन सन्यासी की तरह गुजारा था, यह सब समर्पण ही था। भगवान श्री राम के चरित्र से हमे सीखना चाहिए कि भाई-भाई का प्यार, बड़ों का आदर व प्रण की अनुपालना कैसे की जाती है और उन बातों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। विश्वविद्यालय के प्रांगण में प्रभु श्री राम लालं प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-1-24 | 4 | 3-5 |

# एचएयू में शोभा यात्रा व संध्या फेरी निकाली

**हिसार।** चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सजीव दिखाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में शोभा यात्रा एवं संध्या फेरी निकाली गई।

मुख्य अतिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह उपस्थित रहे। संवाद



एचएयू प्रांगण में शोभा यात्रा को रवाना करते कुलपति प्रो. कांबोज। स्रोत : आयोजक

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 21.01.2024 | -- | -- |


# हकृवि में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



शोभा यात्रा को रवाना करते हुए कुलपति बीआर काम्बोज।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अयोध्या में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय सभागार में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी. आर. काम्बोज शिरकत की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चैयरमैन डॉ जगबीर सिंह उपस्थित रहें। कुलपति ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम ने अपना पूरा जीवन सन्यासी की तरह गुजारा था यह सब समर्पण ही था भगवान श्री राम के चरित्र से हमे सीखना चाहिए कि भाई-भाई का प्यार, बड़ों का आदर व प्रण की अनुपालना कैसे की जाती है और उन बातों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जिंदगी मे कोई भी परिस्थिति आए हमें उसका डट कर मुकाबला करना चाहिए न कि उस से भागना चाहिए। हमारा सौभाग्य है कि जिस धरा पर हम लोगों ने जन्म लिया व प्रभु श्री राम की धरती है। हम सब लोग भी इस बात के साक्षी होगें कि इस देश में इतना बड़ा दिन आया है। विश्वविद्यालय परिसर में शोभा यात्रा एवम संध्या फेरी निकाली गई, जिसका शुभारंभ कुलपति कृषि महाविद्यालय के परिसर से किया। यह शोभा यात्रा व संध्या फेरी एचएयू के सारे आवासीय कैंपस में से होकर गुजरी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21-1-24 | 6 | 1-2 |

## हकृवि, लुवास व गुजवि कैंपस होंगे जगमग, मैस में बनेंगे पकवान

भास्कर न्यूज़ | हिसार

अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक प्रसंग के दिन शिक्षण संस्थान भी खास तरीके से मनाएंगे। एचएयू और जीजेयू के हॉस्टलों की मैस में 22 जनवरी को स्पेशल मेन्यू रहेगा। जीजेयू के हॉस्टलर्स को हलवा, पूरी, छोले के साथ खीर मिलेगी। हकृवि में भी हॉस्टलर्स के लिए इस दिन स्पेशल डाइट व मीठे का प्रबंध किया जाएगा। दोनों विश्वविद्यालयों में बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या से राम मंदिर का लाइव प्रसारण किया जाएगा। लुवास में भी नए व पुराने कैंपस में लाइटिंग का प्रबंध किया गया है। 24 जनवरी को यूनिवर्सिटी का एडम ब्लॉक भी नए कैंपस में शिफ्ट हो रहा है, जिसको लेकर 22 से ही कैंपस की बिल्डिंगों पर लाइटिंग लगा दी जाएंगी। तीनों यूनिवर्सिटी के सभी हॉस्टलों और कैंपस में सफाई अभियान भी चलाए जा रहे हैं।